प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 27.02.2023

04 अदद अवैध देसी बम के साथ 01 व्यक्ति गिरफ्तार, (थाना पट्टी)

जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 श्री गुलाब सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र पट्टी के नादी गेट के पास से 01 व्यक्ति अमित पाण्डेय उर्फ बबलू पाण्डेय पुत्र परशुराम पाण्डेय नि0ग्राम महदहा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को 04 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 70/2023 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियिम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

दुष्कर्म व पाक्सो एक्टके अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना अन्तू)

जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 श्री अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 26/23 धारा 363, 366, 504, 506, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विजय उर्फ मंगल पुत्र मिट्ठू लाल नि0ग्राम लोहंगपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र अन्तू के ककरहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

दहेज हत्या के अभियोग में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कुण्डा)

जनपद के थाना कुण्डा के उ0नि0 श्री रविशंकर तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 55/23 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त राजू सोनकर पुत्र स्व0 मेवालाल सोनकर नि0ग्राम पश्चिम का पुरवा मजरे बसवाही थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कुण्डा के बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया।